>

Title: Need to construct power sub-station in Sonail Village and Bairgania Parliamentary Constituency in Sitamarhi district, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदय, बिहार के सीतामढ़ी जिले के रीगामेजरगंज पथ पर स्थित सोनैल ग्राम में सन 1981-82 में बिजली का एक सब-स्टेशन बना था, परन्तु दुर्भाग्यवश वह अभी तक चालू नहीं हो सका है। यह स्थान भारत-नेपाल सीमा से पांच किलोमीटर दूरी पर अवस्थित है। यहां पर भारत सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल का एक कैंप भी बनाया गया है। यहां की आम जनता आजादी से लेकर आज तक बिजली एवं सड़क की समस्या से जूझती आ रही है। इसी संदर्भ में बिहार सरकार के बिजली विभाग द्वारा उक्त प्रस्तावित स्थान पर बिजली का सब-स्टेशन बनाने की स्वीकृति दी गयी है, परन्तु एनएचपीसी अपनी सुविधा के लिए उस स्थान को छोड़कर अन्यत्र स्थान पर सब-स्टेशन बनाना चाहती है, जिसकी मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से एनएचपीसी ने की है। इसी तरह के एक अन्य मामले में सीतामढ़ी जिले के ही संसदीय क्षेत्र बरगीनिया में पावर सब-स्टेशन का निर्माण बिहार सरकार के विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तावित है। उक्त दोनों सीमावर्ती प्रस्तावित स्थानों पर विद्युत सब-स्टेशन बनाने के लिए पहले से ही लगभग तीन एकड़ जमीन विभाग के पास मौजूद है, जो सब-स्टेशन के निर्माण के लिए पर्याप्त है। अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त प्रस्तावित स्थान पर विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण शीघ्र कराने की कृपा की जाए।